हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

क्रमांकः प.2(49)एचजेयू/प्रशा/मीटिंग/प्र.बो.-वि.बै.-IV/ 1531                    दिनांकः 20.06.2024

## प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक- IV दिनांक 11.06.2024 का कार्यवृत्त

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर अधिनियम 2019 की धारा 23 के अन्तर्गत गठित विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक - IV दिनांक 11.06.2024 को 02:00 बजे आयोजित की गई। बैठक में प्रबंध बोर्ड के उपस्थित पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | उपस्थित पदाधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. सुधि राजीव | कुलपति एवं अध्यक्ष<br>प्रबंध बोर्ड, एचजेयू, जयपुर |
| 2 | श्रीमती विनीता शर्मा | वित्त विभाग के नामनिर्देशित संभागीय आयुक्त, जयपुर के प्रतिनिधि |
| 3 | प्रो. अनुज सक्सैना | संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग<br>(प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामनिर्देशित), एवं सदस्य, प्रबंध बोर्ड, एचजेयू, जयपुर |
| 4 | श्रीमती अलका सक्सेना | अतिरिक्त निदेशक, डीआईपीआर<br>(अतिरिक्त मुख्य सचिव, सूचना और जनसम्पर्क विभाग द्वारा नामनिर्देशित), एवं सदस्य, प्रबंध बोर्ड, एचजेयू, जयपुर |
| 5 | श्री सुनील शर्मा | आयुक्त/निदेशक, सूचना और जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार (ऑनलाइन सहभगिता) |
| 6 | प्रो. अल्पना कटेजा | कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं सदस्य, प्रबंध बोर्ड, एचजेयू, जयपुर |

कुलसचिव
हरिदेव जोशी पत्रकारिता
और जनसंचार विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

| | | |
|---|---|---|
| 7 | प्रो. अनिल कुमार राय | कुलाधिपति महोदय द्वारा नामनिर्देशित शिक्षाविद् सदस्य, प्रबंध बोर्ड, एचजेयू, जयपुर (ऑनलाइन सहभगिता) |
| 8 | डॉ. ऋचा यादव | कुलपति महोदय द्वारा नामनिर्देशित संकायाध्यक्ष, एचजेयू, जयपुर |
| 9 | डॉ. अनिल कुमार मिश्र | कुलपति महोदय द्वारा नामनिर्देशित संकायाध्यक्ष, एचजेयू, जयपुर |
| 10 | डॉ. सत्येन्द्र बसवाल | कुलसचिव, एचजेयू एवं सदस्य सचिव, प्रबंध बोर्ड, एचजेयू, जयपुर |
| 11 | प्रो. दीपक भटनागर | सेवानिवृत प्रोफेसर, राजस्थान विश्वविद्यालय एवं पूर्व परामर्शदाता, एचजेयू एवं विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 12 | डॉ. आलोक कुमार श्रीवास्तव | परीक्षा नियंत्रक, एचजेयू एवं विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 13 | डॉ. नीलम उपाध्याय | उप कुलसचिव, एचजेयू एवं विशेष आमंत्रित सदस्य |

बैठक का आरंभ कुलंपति प्रो. सुधि राजीव के द्वारा सभी सदस्यों के अभिवादन, स्वागत एवं परिचय से किया गया। बोर्ड के सदस्यों ने विशेष आमंत्रित सदस्यों की उपस्थिति का संज्ञान लिया।

तत्पश्चात विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 24 में उल्लिखित प्रबंध बोर्ड के कृत्यों/शक्तियों के अनुसार बैठक में कार्यसूची (एजेंडा) पर बिन्दुवार विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पारित निर्णयों/संकल्पों का कार्य सूचीवार विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य सूची संख्या | कार्य का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| विशेष–IV-1 | विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 29.06.2024 को आयोज्य है, जिसके क्रम में निम्नानुसार कार्यवाही अपेक्षित है : |
| विशेष–IV-1(i) | हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर की द्वितीय दीक्षान्त समारोह के आयोजन से संबंधित विद्यापरिषद की विशेष पंचम बैठक दिनांक 10 जून, 2024 को आयोज्य है। इस बैठक के कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन। |



कुलसचिव
हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

| | |
|---|---|
| | **व्याख्यात्मक नोट (Explanatory Note) :**<br><br>विश्वविद्यालय में माननीय राज्यपाल की सहमति अनुसार दिनांक 29 जून, 2024 को द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है।<br><br>इस निमित विद्यापरिषद की विशेष पंचम बैठक दिनांक 10 जून, 2024 में एमए–जेएमसी (प्रिंट मीडिया), एमए–जेएमसी (इलैक्ट्रॉनिक मीडिया), एमए–जेएमसी (एमओएपी), एमए–जेएमसी, (एसएमओजे), एमए–जेएमसी (डीसीएसडब्लू) एवं बीए–जेएमसी की वर्ष 2023 की अंतिम परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के लिए डिग्री का अनुग्रह पारित करवाया जाना, डिग्रियों के हिन्दी नाम, डिग्रियों, स्वर्ण पदकों, वरीयता प्रमाण–पत्रों आदि के प्रारूपों, नियमों, प्रपत्रों आदि के पुनरीक्षण हेतु गठित समिति का कार्यवृत का अनुमोदन, वर्ष 2022–23 की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं एवं वरीयता प्रमाणपत्र प्राप्तकर्ताओं की सूचियों का अनुमोदन, दीक्षांत समारोह में वितरित किए जाने हेतु डिग्रियों, वरीयता प्रमाण–पत्र एवं स्वर्ण पदकों के संबंध में गठित पुनरीक्षण समिति की अनुशंसाओं के अनुसार विश्वविद्यालय के संशोधित आदेश क्रमांक 19339 दिनांक 04.02.2023 के अधिक्रमण में जारी आदेश एवं विश्वविद्यालय में संचालित बीए–जेएमसी पाठ्य–योजना को भूतलक्षी प्रभाव से पत्रकारिता संकाय में सम्मिलित किए जाने संबंधी आदेश की पुष्टि करवाई जानी है।<br><br>बैठक का कार्यवृत्त सदन के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। |
| | **संकल्प/निर्णय :**<br><br>बैठक का कार्यवृत सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसे पूर्व में ही सभी सदस्यों को ई–मेल के माध्यम से भी अवलोकनार्थ भिजवा दिया गया था। सदन द्वारा विश्वविद्यालय, जयपुर की द्वितीय दीक्षान्त समारोह के आयोजन से संबंधित विद्यापरिषद की विशेष पंचम बैठक दिनांक 10 जून, 2024 के कार्यवृत्त एवं इससे संबंधित जारी सूचियों, कार्यालय आदेश, समिति की बैठक के कार्यवृत्त डिग्रियों के हिन्दी नाम, डिग्रियों, स्वर्ण पदकों, वरीयता प्रमाण–पत्रों आदि |



कुलसचिव
हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

HJU, A UNIVERSITY ESTABLISHED BY AN ACT OF THE RAJ. STATE LEGISLATURE, IS A NATIONAL CENTRE FOR TEACHING, TRAINING AND RESEARCH IN JOURNALISM, MASS COMMUNICATION AND ...
पत्रकारिता, जनसंचार और संबंधित विषयों के शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के लिए राजस्थान विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय संस्थान

| | |
|---|---|
| | के प्रारूपों, नियमों, प्रपत्रों आदि के पुनरीक्षण हेतु गठित समिति का कार्यवृत का अनुमोदन, वर्ष 2022–23 की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं एवं वरीयता प्रमाणपत्र प्राप्तकर्ताओं की सूचियों का अनुमोदन, दीक्षांत समारोह में वितरित किए जाने हेतु डिग्रियों, वरीयता प्रमाण–पत्र एवं स्वर्ण पदकों के संबंध में गठित पुनरीक्षण समिति की अनुशंसाओं के अनुसार विश्वविद्यालय के संशोधित आदेश क्रमांक 19339 दिनांक 04.02.2023 के अधिक्रमण में जारी आदेश एवं विश्वविद्यालय में संचालित बीए–जेएमसी पाठ्य–योजना को भूतलक्षी प्रभाव से पत्रकारिता संकाय में सम्मिलित किए जाने संबंधी आदेश पर गहन विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| विशेष – IV-1(ii) | दिनांक 29 जून, 2024 को आयोज्य विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह के लिए अनुमानित व्यय के ब्योरे का अनुमोदन। |
| | **<u>संकल्प/निर्णय</u> :**<br><br>सदन द्वारा द्वितीय दीक्षान्त समारोह के लिए अनुमानित व्यय (संलग्न) के ब्योरे पर मद वार गहन विचार–विमर्श किया गया। विचार विमर्श उपरान्त विश्वविद्यालय की निजी आय के खाता संख्या 38700993866 में से लगभग रु. 10.00 लाख का कुल अनुमानित व्यय किए जाने की स्वीकृति सदन द्वारा की गई। |
| विशेष – IV-1(iii) | **<u>अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्तुत बिन्दु</u> :**<br><br>कुलपति महोदया द्वारा सभी सदस्यों को हर्षपूर्वक सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय को दहमीकलां, अजमेर रोड पर आवंटित भूमि पर विभिन्न इमारतों का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 29.06.2024 को नव निर्मित विश्वविद्यालय भवन एवं परिसर का भी माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा लोकार्पण किया जाना निश्चित किया गया है।<br><br>विश्वविद्यालय के नवीन भवन निर्माण एवं परिसर में अब तक की प्रगति की PPT प्रस्तुत की गई।<br><br>लोकार्पण कार्यकम प्रत्यक्ष अथवा वर्चुअल किये जाने के संबंध में निर्णय अपेक्षित है। राज्यपाल सचिवालय से उत्तर प्राप्त होने पर इस संबंध में अंतिम |

कुलसचिव
हरिदेव जोशी पत्रकारिता
और जनसंचार विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

| | |
|---|---|
| | निर्णय किया जाना संभव हो सकेगा।<br>पीडी, आर.एस.आर.डी.सी. (कार्यकारी ऐजेन्सी) से हुई वार्ता अनुसार विश्वविद्यालय के भवन लोकर्पण समारोह के प्रत्यक्ष आयोजन की स्थिति में लगभग रु. 20 लाख (मद वार – संलग्न) का अतिरिक्त व्यय होना संभावित है। मद वार व्यय ब्योरा सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।<br>उक्त व्यय राज्य सरकार / आर.एस.आर.डी.सी. (कार्यकारी ऐजेन्सी) / निजी आय से किया जाना प्रस्तावित है।<br>सदन के सदस्यों से उक्त व्यय का अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है। |
| | **संकल्प/निर्णय** :<br>इस पर सदन के सदस्यों ने हर्ष जताया तथा यथासंभव मितव्ययिता से कार्य करते हुए व्यय किए जाने का सैधान्तिक रुप से अनुमोदन किया गया। |

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

सुधि राजीव

**(प्रो. सुधि राजीव)**
**कुलपति**
हरिदेव जोशी पत्रकारिता
और जनसंचार विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

कुलसचिव
कुलसचिव
हरिदेव जोशी पत्रकारिता
और जनसंचार विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)